धरोहरों को सहेजने का कार्य प्रारंभ, भिलाई के हृदय स्थल सुपेला में सेवन वंडर्स का हो रहा है कायाकल्प, महापौर नीरज पाल खुद खड़े होकर कर रहे है मानिटरिंग

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शहर के हृदय स्थल सुपेला में निर्मित सेवन वंडर्स का कायाकल्प हो रहा है। महापौर नीरज पाल खुद खड़े होकर इसकी मानिटरिंग कर रहे हैं। विगत 3 दिनों से महापौर इस स्थल के सौंदर्यीकरण को लेकर स्वयं मैदान पर उतर गए हैं। भिलाई में धरोहर को सहेजने का कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में सुपेला में निर्मित सेवन वंडर्स जो कि काफी दिनों से अपने मूल स्वरूप में तब्दील होने की राह देख रहा था, अब इस पर कार्य प्रारंभ हो गया है। सुपेला के इस स्थल से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है , इसलिए इसे संवारने का काम शीघ्रता से किया जा रहा है। सेवन वंडर्स स्थित परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य में आर्टिस्टिक पेंटिंग, अलग-अलग आकर्षक लाइट, रेलिंग एवं ग्रिल, फुटपाथ निर्माण आदि पर काम किया जा रहा है। शीघ्र ही यह स्थल अपने भव्य स्वरूप में तब्दील होने वाला है , इसके बाद यह लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। यहां से गुजरने वाले सभी को यह मनमोहक दृश्य का आनंद देगा , वही देश-विदेश के सात अजूबे को लोग एक स्थल पर ही देख पाएंगे। महापौर की मॉनिटरिंग के चलते इसका सौंदर्यीकरण का काम तीव्र गति पर है। विकास कार्यो को धरातल पर लाने के लिए महापौर स्वयं जुट गए है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही महापौर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने संयुक्त रूप से अधिकारियों के साथ इस स्थल का जायजा लिया था। सौंदर्यीकरण को लेकर पूर्व से ही निर्देश अधिकारियों को दे दिए गए थे। प्राप्त निर्देश के तारतम्य में इस पर अधिकारियों द्वारा अमल किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण के हो जाने से शहरवासी मनमोहक दृश्य का आनंद ले पाएंगे।